ब्रीफ न्यूज

भारत-नेपाल सीमा पर समन्वय बैठक एवं संयुक्त गश्त

भिनगा (रासासं) : 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, भिनगा के कमांडेंट अमरेन्द्र कुमार वरुण की अध्यक्षता में सीमा चौकी सुईया पर भारत-नेपाल सीमा की सुरक्षा को लेकर समन्वय बैठक एवं संयुक्त गश्त का आयोजन किया गया। इस बैठक में श्रावस्ती पुलिस, नेपाल सशस्त्र पुलिस बल तथा एसएसबी के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। श्रावस्ती पुलिस की ओर से पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी उपस्थित रहे, जबकि एसएसबी भिनगा की ओर से उप कमांडेंट गोबर्धन पुजारी, सहायक कमांडेंट अमित शर्मा एवं राजकुमार ने भाग लिया। वहीं नेपाल एपीएफ की ओर से पुलिस अधीक्षक शोवकान्त खनेल, उपाधीक्षक बिक्रममणि अधिकारी, निरीक्षक दशरथ अधिकारी, सुशील केसी एवं हिमाल थापा सम्मिलित हुए।बैठक में दोनों देशों के अधिकारियों ने सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, अवैध गतिविधियों की रोकथाम, आपसी सूचना साझा करने, संयुक्त गश्त और सहयोग बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की। बैठक के उपरांत भारत और नेपाल की सुरक्षा एजेंसियों द्वारा सीमा क्षेत्र में संयुक्त गश्त की गई। इस पहल से दोनों देशों के बीच आपसी विश्वास, सहयोग और सौहार्द को और सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी तथा सीमा क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

मतदान केन्द्रों पर ऑन लाईन रिपोर्टींग का किया गया ट्रायल

इमामगंज (रासासं) : प्रखंड के सभी मतदान केन्द्रों पर ऑनलाइन ट्रायल किया गया। इस संबंध में निवार्ची पदाधिकारी सह बीडीओ संजय कुमार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सभी मतदान केंद्रों पर पीठासीन अधिकारियों के रिपोर्टींग ऑन लाईन ट्रायल किया गया। पीठासीन अधिकारियों की भूमिका बीएलओ द्वारा निभाई गई। इसके द्वारा यह पता करने की कोशीश की गई की ऐप द्वारा रिपोर्टींग के क्या समस्यायें आ रही है उन्होने बताया कि प्रखंड के 176 में सभी 176 का लॉगींग ट्रायल सफल रहा। केवल 14 बीएलओ ऐसे पाये गए है जिन्होंने लॉगींग के बाद भी भीटीआर अपडेट नहीं किया। कारणों का पता किया जा रहा है कि किन कारणों से ये नहीं कर पाये। जांचोपरांत लापरवाही सावित होने पर सुसंगत कार्यवाई की जाएगी।

मर्डर केस काअभियुक्त गिरफ्तार

इमामगंज (रासासं) : पुलिस ने एक मर्डर केस के अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के बगेया गांव के रहने वाले अप्राथमिकी अभियुक्त अनिल यादव को कांड संख्या 200/25 में सत्य पाए जाने पर पर्याप्त सशस्त्र बल के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है। जिसे पूछताछ के बाद कोर्ट में पेशी करते हुए जेल भेज दिया गया।

सलैया पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

इमामगंज (रासासं) : पुलिस अनुमंडल अंतर्गत सलैया पुलिस ने एक एनबी डब्लू वारंटी को गिरफ्तार किया है। इस संवंध में सलैया थाना अध्यक्ष रविकांत कुमार ने बताया की इमनावाद से एक पूर्व के एससी-एसटी एक्ट में फरार एक वारंटी रामातार यादव को गिरफ्तर किया गया है। उन्होंने बताया की पूछताछ करते हुए कोर्ट में पेशी के बाद जेल भेज दिया गया है।

हम पार्टी के उम्मीदवार अनिल कुमार ने नामांकन दाखिल किया



टिकारी (रासासं) : टिकारी से हम विधायक प्रत्याशी अनिल कुमार ने सबसे पहले टिकारी अनुमंडल के कार्यालय में हजारो के संख्या में हम के कार्य कर्ता व ग्रामीण के साथ नामांकन दाखिल किया उसके बाद भव्य नामांकन सभा का आयोजन किया क्षेत्र में सुख-शांति की कामन किया। टिकारी विधानसभा क्षेत्र के शुक्र वार को अपने समर्थकों के साथ आशीर्वाद लिया जनता की भीड़ उमड़ पड़ी। सभी ने मिलकर आगामी विधानसभा चुनाव में क्षेत्र की उन्नति और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। अपने कार्यकताओं और समर्थकों के साथ दर्जनों गांवों का दौरा किया मौके नाश्ता पैकट को लेकर समर्थक में मचा बबाल कार्यक्रम खत्म होने के विधायक अनिल कुमार मां तारा देवी से आशीर्वाद लेने केसपा गए इस मौके पर वेंकटेश शर्मा सहित अन्य नेता लोग शामिल हुए है।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत, मिला प्रशस्ति पत्र

गयाजी (रासासं) : पंजाब नैशनल बैंक के मंडल कार्यालय में स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं 14 सितंबर से जारी हिंदी माह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सभा कक्ष में मंडल प्रमुख चैता कुमार पंडा द्वारा पुरस्कृत किया गया और प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। सभी प्रतियोगिताओं की संकल्पना उप मंडल प्रमुख उपेंद्र चतुर्वेदी द्वारा किया गया था जिसे कार्य रूप में परिणत दिवाकर कुमार द्वारा किया गया। इस माह में निबंध लेखन प्रतियोगिता, ऑनलाइन राजभाषा एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, कार्यालय टिप्पण लेखन प्रतियोगिता एवं पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुछ विजेताओं के नाम इस प्रकार हैं रामकुमार, कुमार नीरज राज, अपराजिता परिहार, बैजू शंकर, इत्यादि। यह ज्ञात हो कि गुजरात राज्य के गांधीनगर में राष्ट्रीय स्तर पर राजभाषा दिवस एवं राजभाषा सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा दिनांक 14 एवं 15 सितम्बर किया गया था। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार प्रदान किया गया एवं विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए।

आयुक्त ने किया दीपोत्सव का शुभारंभ

गयाजी (रासासं) : बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के लिए मतदाता जागरूकता के लिए दीपोत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वीप के तहत मगध प्रमंडल आयुक्त कार्यालय में हुआ। मगध प्रमंडल आयुक्त डॉ. सफीना एएन ने दीप प्रज्वलित कर इसका शुभारंभ किया। इस दीपोत्सव का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक करना और उन्हें मतदान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों ने दीप जलाकर "हर मतदाता, लोकतंत्र की शक्ति - पहले मतदान, फिर जलपान" का संदेश दिया। एक हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें आयुक्त डॉ. सफीना एएन ने हस्ताक्षर कर सभी को मतदान में भाग लेने का संदेश दिया। अधिकारियों ने भी इस अभियान में हिस्सा लिया। अन्य अधिकारियों ने भी इस अभियान में हिस्सा लिया। स्वीप टीम ने मतदान के महत्व पर प्रकाश डाला और आने वाले विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक लोगों से मतदान करने की अपील की। इस अवसर पर आयुक्त के सचिव, क्षेत्रीय परिवहन पदाधिकारी, उप निदेशक जन सम्पर्क, प्रमंडल स्तरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी स्वीप सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे।

विधानसभा चुनाव को स्वच्छ एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराए : जिलाधिकारी

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गयाजी : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को स्वच्छ एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सभी निवार्ची पदाधिकारी एवं सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी (प्रखंड विकास पदाधिकारी) के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक करते हुए कई निर्देश दिए हैं।

उन्होंने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत जितने भी मतदान केंद्र हैं उनके रंग रोगन, ए०एम०एफ० सुविधा अर्थात रैंप, बिजली, पानी, रोशनी, शेड, शौचालय इत्यादि की व्यवस्था हर हाल में करवा ले। इसके अलावा हर मतदान केंद्र पर मतदान केंद्र संबंधित विवरणी का पेंटिंग तेजी से करवाये। किस मतदान केंद्र पर कितने बजे तक वोटिंग होगी, इसकी भी जानकारी बूथ पर पेंटिंग के माध्यम से अंकित करवाये।

जिला पदाधिकारी ने प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता राजस्व को निर्देश दिए हैं कि चुनाव कार्य मे लगे कर्मियों द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान हर हाल में फार्म 17 कैसे भरना है इसकी समुचित प्रशिक्षण हर हाल में करवा चुनाव आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि हर मतदान पदाधिकारी को 17 फॉर्म भरकर जमा करना होगा। इसके लिए प्रशिक्षण हर एक कर्मियों को अच्छे से देना होगा।

जिला पदाधिकारी ने बताया कि प्रेसिडिंग ऑफिसर एप्लीकेशन को हर दिन अच्छे से डाटा अपलोड करना होगा यदि किसी मतदान केंद्र के स्तर पर से एप्लीकेशन में डाटा अपलोड करने में समस्या आ रही है या नेटवर्क की कोई समस्या है तो इसकी लिखित सूचना अभी से ही उपलब्ध करवा दे ताकि जिला स्तर पर सभी नेटवर्क प्रोवाइडर के साथ बैठक कर उन संबंधित मतदान केंद्र जहां नेटवर्क की समस्या आ रही है उन मतदान केदो पर नेटवर्क सुविधा बेहतर करवाया जा सके।

जिला पदाधिकारी ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में सभी मतदान केंद्रों पर शत प्रतिशत वेबकास्टिंग किया जाना है, हर निवार्ची पदाधिकारी के कंट्रोल में 03-03 टीवी के माध्यम से उनके सभी मतदान केंद्रों की मतदान संबंधित निगरानी रखी जायेगी, इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी के पास भी एक कंट्रोल रूम का सेटअप बनाया जा रहा है, जिसमे सभी 10 विधानसभा के सभी बूथों की वेबकास्टिंग की मॉनिटरिंग की जाएगी।

उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के माध्यम से नामित सभी चुनाव प्रेक्षक गण कल गया जिले में आ जाएंगे। सभी निवार्ची पदाधिकारी अपने अपने प्रेक्षक को अपने विधानसभा में क्या क्या तैयारी की गई है, उसकी जानकारी हर हाल में उपलब्ध करवाएंगे। सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिए हैं अपने क्षेत्र में ऋ्रळ एवं रस्ळ टीम के माध्यम में सभी नाका, टोल, चेकिंग पॉइंट, मार्किट एरिया आदि में रोको टोको सघन वाहन जांच अभियान चलाए।

इसके पश्चात समाहरणालय परिसर में बनाये गए निर्वाचन व्यय कोषांग में जिला पदाधिकारी पहुच कर रस्ळ टीम द्वारा नाकों/ चेकिंग पॉइंट पर किये जा रहे वाहन जांच की कार्य प्रणली का निरीक्षण किया। निरीक्षण में 39 की संख्या में रस्ळ के नाका/ चेकिंग पॉइंट बनाया गया है, जहां सीसीटीवी भी लगाए गए हैं, उन सीसीटीवी की मॉनिटरिंग यही से की जा रही, जिसका अवलोकन डीएम द्वारा किया गया।

'द लहंगा हब' का गया में भव्य उद्घाटन

महिलाओं के लिए आकर्षक डिजाइनर परिधानों की नई मंज़िल

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गयाजी : शहर के स्वराजपुरी रोड, लालबाग (डॉ. पंकज गुप्ता के नजदीक) स्थित महिलाओं के परिधानों के लिए नया और आकर्षक शोरूम द लहंगा हब का भव्य उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि कर्नल पंकज कुमार एवं ले.कर्नल सोमिता गांगुली ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शो-रूम का शुभारंभ किया। उद्घाटन अवसर पर कर्नल सोमिता गांगुली ने कहा कि गया जैसे सांस्कृतिक और पारंपरिक शहर में आधुनिक परिधानों की यह नई शुरूआत महिला ग्राहकों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।कार्यक्रम के दौरान प्रोपराइटर शुभ्रा गुप्ता ने बताया कि द लहंगा हब महिलाओं के लिए नवीनतम डिजाइनर लहंगे, साड़ी, गाउन और पारंपरिक परिधानों की विशेष श्रृंखला लेकर आया है। उनका कहना था कि इस शोरूम का उद्देश्य गया शहर की महिलाओं को महानगरों जैसी फैशन सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराना है।उन्होंने गया के नागरिकों से आग्रह किया कि वे इस नव आरंभ की खुशी में शामिल होकर शो-रूम का अवलोकन करें। शुभ्रा गुप्ता ने बताया कि आगामी दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए विशेष आकर्षक छूट की व्यवस्था की गई है ताकि ग्राहक अपनी पसंद के परिधान को रियायती दर पर खरीद सकें।शो-रूम के उद्घाटन अवसर पर शहर के कई गणमान्य नागरिक, व्यापारी वर्ग और स्थानीय महिलाएँ उपस्थित रहीं। द लहंगा हब गया की फैशन दुनिया में एक नई पहचान बनने की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर शहर के जाने-माने चिकित्सक डॉक्टर पंकज कुमार, तृप्ति गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

एनडीए समर्थित हम प्रत्याशी के नामांकन पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष ने जताई नाराजगी

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

कोंच : एनडीए समर्थित हम पार्टी के प्रत्याशी डॉ. अनिल कुमार के नामांकन के दौरान जदयू नेताओं में असंतोष की स्थिति देखने को मिली। शुक्रवार को दोपहर दो बजे डॉ. अनिल कुमार ने टिकारी में नामांकन दाखिल किया। इस दौरान जदयू के प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष एवं बिहार सरकार सुनी वक्फ बोर्ड टिकारी के उपाध्यक्ष मो. जमीलू रहमान ने नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि टिकारी विधानसभा के हम प्रत्याशी द्वारा नामांकन कार्यक्रम में जदयू कार्यकताओं और पदाधिकारियों को आमंत्रित नहीं किया गया, जो एनडीए की एकजुटता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। मो. रहमान ने शुक्रवार की शाम चार बजे बयान जारी कर कहा कि हर बार बैठक या कार्यक्रम की सूचना नहीं दी जाती, जिससे कार्यकताओं में निराशा है। भविष्य में अगर हार होती है, तो कोच प्रखंड जदयू कमेटी पर आरोप न लगाया जाए कि सहयोग नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि इस पूरे मामले की जानकारी जिला अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष को दी जा रही है। उनका कहना है कि गठबंधन की मजबूती आपसी संवाद और सहयोग से ही बनी रह सकती है, लेकिन ऐसे घटनाक्रम कार्यकताओं के मनोबल को प्रभावित करते हैं।

इंद्रीया, आदित्य बिड़ला ज्वेलरी ने अपने लॉन्च के साथ बिहार में किया अपना विस्तार

पारंपरिक शिल्प और आधुनिक सौंदर्य का संगम पेश करता गयाजी का नया इंद्रीया स्टोर

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गयाजी : इंद्रीया, आदित्य बिड़ला ज्वेलरी, ने ऐतिहासिक शहर गया जी में अपना पहला स्टोर लॉन्च किया है। गया जी, जो अपनी गहरी जड़ें जमाई हुई विरासत और परिष्कृत कला की सराहना के लिए प्रसिद्ध है, अब उत्कृष्ट आभूषणों की शिल्पकला के एक नए युग का स्वागत करने जा रहा है। ब्रांड के पारंपरिक सोने के काम और समकालीन सौंदर्यशास्त्र के सामंजस्यपूर्ण मिश्रण को यह स्टोर दशार्ता है। नया स्टोर स्वराजपुरी रोड, इनयात कॉलोनी में स्थित है, जिसे एक समर्पित कारीगरी क्षेत्र और ब्राइडल लाउंज जैसे सोच-समझकर डिजाइन किए गए स्पेस के रूप में तैयार किया गया है। यहाँ 5,000 से अधिक विशिष्ट डिजाइनों और 25,000 से अधिक बारीकी से बनाए गए आभूषणों के साथ पारंपरिक कला और आधुनिक डिजाइन का संगम प्रस्तुत किया गया है। इस लॉन्च के साथ, इंद्रीया की उपस्थिति अब भारत के 35 से अधिक स्टोर्स तक बढ़ गई है। मुंबई, पुणे, अहमदाबाद, जयपुर, इंदौर, जोधपुर, सूरत, विजयवाड़ा, लखनऊ, प्रयागराज, कानपुर, बेंगलुरु, आगरा, गया जी, जमशेदपुर और छपरा जैसे शहरों में स्टोर संचालित हैं। इंद्रीया के सीईओ संदीप कोहली ने कहा, हम बिहार में अपनी उपस्थिति और गया जी में अपने नए स्टोर के साथ अत्यंत प्रसन्न हैं। यह शहर उत्कृष्ट आभूषणों की गहरी परंपरा रखता है और हमें विश्वास है कि यह विस्तार राज्य में हमारी तीसरी उपस्थिति के रूप में ग्राहकों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा। आदित्य बिड़ला समूह की विश्वसनीय विरासत अब बिहार में अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रही है, और इंद्रीया का गया जी स्टोर इस परंपरा का एक नया अध्याय है।

अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज में बीएड विभाग ने रंगोली प्रतियोगिता का किया आयोजन

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गयाजी : अनुग्रह मेमोरियल कॉलेज, गया के बीएड विभाग के सत्र 2025-27 (प्रथम वर्ष) के प्रशिक्षुओं ने बीएड विभाग में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में चार समूह भगत सिंह हाउस, पटेल हाउस, टैगोर हाउस और विवेकानंद हाउस के प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रत्येक हाउस को अलग-अलग थीम पर रंगोली बनानी थी। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मो. नजीर अख्तर ने कहा कि रंगोली शुभता का प्रतीक है। इससे जीवन में निरंतरता और कार्यकुशलता की प्रेरणा मिलती है। विभागाध्यक्ष डॉ. मानिक मोहन शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में प्रतियोगिता प्रतिस्पर्धा को जन्म देती है और प्रतिस्पर्धा जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करती है। निर्णायक मंडल में प्राचार्य डॉ. मो. नजीर अख्तर, डॉ. मानिक मोहन शुक्ला, डॉ. मिनाक्षी कुमारी, डॉ. सुनीता और डॉ. सरोज शामिल थे। निर्णायकों ने विजेता टीमों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया प्रथम स्थानः विवेकानंद हाउस, द्वितीय स्थानः भगत सिंह हाउस, तृतीय स्थानः पटेल हाउस, चतुर्थ स्थानः टैगोर हाउस, धन्यवाद ज्ञापन बीएड विभाग के प्राध्यापक डॉ. अनिल कुमार सिंह ने किया।

लेखन कार्यशाला में बच्चों ने लिखी कविताएँ कहानियाँ और बनाया अपना अखबार

राष्ट्रीय सागर संवाददाता

गयाजी : किलकारी बिहार बाल भवन, पटना के लेखन विधा की टीम द्वारा बाल भवन, गया जी में दो दिवसीय सृजनात्मक लेखन व अखबार निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। विशेषज्ञ व प्रशिक्षक सम्राट समीर एवं लेखन कला के पाँच बाल कलाकार राज आर्यन, आदित्य राज, अमितेश राज, अनुराग कुमार व राजवर्धन सिंह बच्चों के साथ कार्यशाला में शिरकत किए। इस कार्यशाला में बच्चे कविताएं –कहानियां लिखना सीखा और साथ ही साहित्य की अन्य विधाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। दो दिनों तक चलने वाले इस कार्यशाला का शुभारंभ दिनांक 16.10.2025 को हुआ। पटना बाल भवन से आए बच्चों का स्वागत तिलक लगाकर व पौधा भेंट कर किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवन से हुई, इस दौरान किलकारी , गयाजी के कई प्रशिक्षक और पदाधिकारी मौजूद रहे। कार्यशाला की शुरूआत में रोचक तरीके से बच्चों का परिचय हुआ, जिसमें उन्होंने अपनी पसंदीदा फल या सब्जी का नाम जोड़ते हुए अपना नाम बताया। इसके बाद अगली गतिविधि के रूप में बच्चों ने दूसरे लेखक की याद कविताओं को सुनाया। खेल गतिविधि में बच्चों ने नीर–तीर खेल खेला। इसके बाद विशेषज्ञ सम्राट समीर ने बच्चों को कविता से जुड़ी कई महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में बताया और कविता किस तरह से लिखीं जाए इसकी बारीकियों को समझाया। उदाहरण के तौर पर पटना के बच्चों ने अपनी कविताएं सुनाई जिसके जरिए बच्चे कविता को और बेहतर समझ पाएं। बच्चों ने अपने अनुसार विषय चयन कर अपनी कविताएं लिखीं और फिर उसका पाठ किया । बच्चों को टीम वर्क के लिए पांच समूहों में बांटा गया, जिसमें में मिलकर अपनी रचनाओं को लिखेंगे और एक सुंदर बाल अखबार तैयार करेंगे।वहीं कार्यशाला के दूसरे सत्र में कविता लेखन से संबंधित एक गतिविधि हुई। एक पूर्ण कविता को तितर-बितर कर दिया गया और बच्चों के तीन समूह बनाए गए। एक-एक पर्ची में एक-एक शब्द। शब्दों को जोड़कर एक-एक पंक्ति बनाना फिर पंक्तियों को जोड़कर कविता को पूरी करना। बच्चों ने खूब दिमाग दौड़ाया। तुकबंदी शब्दों के आधार पर पंक्तियों को सहेजने में बच्चे सफल होते दिखे। तो वहीं बच्चे अखबार निर्माण की विधिवत प्रक्रिया को समझा। वहीं कार्यशाला के दूसरे दिन बच्चों ने कार्यशाला में कहानी-लेखन के बारे में अपनी समझ विकसित की। इसके साथ सुबह बच्चों ने ब्रह्मयोनी पर्वत का भ्रमण किया। उसके बाद गतिविधि की शुरूआत हम खेल–खेल के मस्ताने गीत के द्वारा हुई। बच्चों को दूसरे दिन कई कहानियां सुनाई गई और इसके जरिए उन्होंने कहानी के बारे में जाना। साथ ही कई कहानियां लिखीं। चार अलग–अलग समूहों में बच्चों को बांटकर उन्हें कहानी का प्लॉट समझाया गया और उसकी मदद से बच्चों ने समूह में कहानियां लिखी। सुबह हुए भ्रमण को लेकर कई बच्चों ने यात्रा वृतांत भी लिखा तो वहीं कई ने डायरी के जरिए अपनी बात कही।दूसरे सत्र में बच्चों ने अखबार निर्माण कार्य किया। अपनी लिखी कहानी–कविताओं को कागज पर लिखकर उसे सजाया। अखबार का रूपरेखा तैयार करते हुए उन्होंने अपनी रचनाओं को उसपर चिपकाया और इस तरह उन्होंने इसे एक खूबसूरत हस्तलिखित अखबार का रूप दिया। अंत में सभी विशेषज्ञों और कार्यशाला में उपस्थित बच्चों ने अपने अखबार की प्रदर्शनी लगाई, और अपनी रचनाओं की प्रस्तुति दी। पटना से आए बच्चों को दिया देकर उन्हें विदा दिया गया। किलकारी के प्रमंडल कार्यक्रम समन्वयक, राजीव रंजन श्रीवास्तव ने पटना से आए सभी बच्चों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

पूर्व मध्य रेल

खुली ई–निविदा सूचना

No. MEMUGAYA-BULKRSP2526-VSSR

व० म० या० अभि० (समाडी)/पूर्व मध्य रेल/डी डी यू, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी और से निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी सक्षम तथा इच्छुक ऐजेंसी/ठीकेदार से खुली ई–निविदा सं० MEMU GAYA-BULKRSP2526-VSSR दिनांक 13/10/2025 के लिए आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्न है :– **(1) कार्य का विवरण:** Provision of CCTV system in 200 coaches of EMU/MEMU/DMUs as per RDSO Spec. RDSO/SPN/TC/106/2025, version 3.1 or latest. **(2) कार्य का अनुमानित मूल्य:** Rs. 8,47,47,600.00/– रुपया आठ करोड़ सैंतालीस लाख सैंतालीस हजार छह सौ मात्र **(3) धरोहर राशि:** Rs. 5,73,700.00/– रुपया पाँच लाख तिहत्तर हजार सात सौ मात्र **(4) निविदा फॉर्म जमा करने तथा निविदा खुलने का समय तथा तिथि:** ई–निविदा दिनांक 20.10.2025 से 03.11.2025 तक समय 15:00 बजे तक **(5) वेबसाईट तथा सूचना बोर्ड जिस पर यह सूचना उपलब्ध रहेगी तथा निविदा फॉर्म खरीदने का पता:** IREPS website: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी इसके अतिरिक्त Manual Offer स्वीकार्य नहीं किया जायेगा। **नोट–** विस्तृत जानकारी हेतु कृपया निविदा फार्म देखें ।

मं० वि० अभि० (मेमू शेड/गया)
पूर्व मध्य रेल/डी डी यू

पीआर/1173/मेमू शेड गया/ईएलईसीटी/टी/25–26/36

आरबीएल बैंक लिमिटेड

RBL BANK

पंजीकृत कार्यालयः प्रथम लेन, शाहुपुरी, कोल्हापुर -416001 राष्ट्रीय ऑपरेटिंग सेंटरः 9 वीं मंजिल, टेक्निप्लेक्स-एल, ऑफ वीर सावरकर फ्लाईओवर, गोरेगाँव (पश्चिम) मुंबई-400062

स्वर्ण नीलामी सह आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित उधारकर्ता को आरबीएल बैंक लिमिटेड से प्राप्त स्वर्ण आभूषणों (सुविधा) के बदले ऋण सुविधा के अंतर्गत बकाया राशि का भुगतान करने हेतु मांग पत्र भेजा गया है। चूँकि उधारकर्ता इस सुविधा के अंतर्गत देय राशि का भुगतान करने में विफल रहा है, इसलिए हम 29 अक्टूबर, 2025 को गिरवी रखे गए स्वर्ण आभूषणों की नीलामी करने के लिए बाध्य हैं। यदि इस नीलामी से कोई अतिरिक्त राशि प्राप्त होती है, तो उसे संबंधित उधारकर्ता को वापस कर दिया जाएगा और यदि नीलामी के बाद कोई कमी होती है, तो शेष राशि उचित कानूनी कार्यवाही के माध्यम से उधारकर्ता से वसूल की जाएगी। आरबीएल बैंक को बिना किसी पूर्व सूचना के निम्नलिखित खातों को नीलामी से हटाने का अधिकार है। इसके अतिरिक्त, आरबीएल बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी तिथि बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

क्रम स.	खाता संख्या	उतारकर्ता का नाम	सोने के आभूषण का विवरण (जीएमएस में)	
1	809008683785	अभिषेक पुष्कर	कुल सकल वजन	16.247
			कुल अशुद्धता	0.247
			कुल पत्थर वजन	0
			कुल शुद्ध वजन	16

ऑनलाइन नीलामी 29 अक्टूबर, 2025 को दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक https://egold.auctiontiger.net पर आयोजित की जाएगी।
इच्छुक बोलीदाताओं को डब्ल्यूएस से संपर्क करना चाहिए। ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (नीलामी टाइगर) 6351896640/7984129853 पर।
विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया नीलामी पोर्टल पर जाएं।

स्थानः पटना
दिनांकः 18-10-2025

अधिकृत अधिकारी
आरबीएल बैंक लिमिटेड

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः 501, सैलकॉन ऑरम, जसोला जिला केन्द्र, नई दिल्ली- 110025
सीआईएनः U65900DL2020PLC366027

नीलामी सूचना

शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के निम्नलिखित उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक द्वारा जारी व्यक्तिगत सूचनाओं सहित विभिन्न मांगों और सूचनाओं के बावजूद, उनके द्वारा बैंक से लिए गए स्वर्ण ऋण/ऋणों का समायोजन नहीं किया गया है। सभी उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि बैंक के पास जमानत के रूप में रखे गए स्वर्ण रत्नों की नीलामी करने का निर्णय लिया गया है और तदनुसार, उस शाखा परिसर में, जहाँ से ऋण लिया गया था, सुबह 11:00 बजे समय निर्धारित किया गया है। उधारकताओं, खाताधारकों और आम जनता सहित सभी लोग नीलामी के नियमों और शर्तों के अनुसार इस नीलामी में भाग ले सकते हैं।

नीलामी तिथि 29.10.2025@11:00 बजे है।

क्रम सं.	शाखा	खाता नंबर	अधिनियम धारक नाम
1	इंदिरापुरम	101942521297	कुमार अनुपम

बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी खाते को नीलामी से हटाने या नीलामी रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

प्राधिकृत अधिकारी, शिवालिक स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड

Chola Enter a better life

कॉर्पोरेट कार्यालयः चोला क्रेस्ट, सुपर बी, सी 54 और सी 55, 4, थिरु वी का औद्योगिक एस्टेट, गुइंडी, चेन्नई-600 032

कब्जा नोटिस (परिशिष्ट) नियम 8 (1) के अंतर्गत

चूँकि, अधोहस्ताक्षरी मिल्स के प्राधिकृत अधिकारी हैं। चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के तहत और प्रतिभूति हित [प्रवर्तन] नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत उल्लिखित दिनांक को डिमांड नोटिस जारी किए हैं, जिसमें आपसे उधारकर्ता (नीचे उल्लिखित नाम और पते) होने के नाते उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज का भुगतान करने का आह्वान किया गया है। नीचे उल्लिखित उधारकताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने के कारण, नीचे उल्लिखित उधारकताओं और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के अंतर्गत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऊपर उल्लिखित उधारकताओं, विशेष रूप से और आम जनता को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति से लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित लेन-देन सुश्री चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट एंड फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधीन होगा, जिसके लिए नीचे उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज देय होगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो कि प्रतिभूति परिसंपत्तियों के मोचन के लिए उपलब्ध समय के संबंध में है।

उधारकर्ता का नाम और पता और ऋण/ए.सी. सं.	मांग नोटिस की तिथि	ओ/एस. एएमटी.	अचल संपत्ति का विवरण	कब्जे की तारीख
ऋण खाता संख्या LAP3GPG000067664 1. श्री